## एक नजर में

### कुए में डूबने से महिला की मौत



**पिपलियामण्डी।** कुए में डूबने से महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फोसरी संजीत निवासी शनिवार को प्रात: 5 बजे करीब गुड्डीबाई (45) पति मोहनलाल राठौर घर से गायब हो गई। परिजनों ने तलाश की तो महिला का शव कुछ दूरी पर बिना मुन्डेर के कुए में दिखा। सूचना पर पुलिस मौके पहुंची। नाहरगढ़ टीआई प्रभात गौड़ ने बताया प्रारंभिक तौर पर महिला की मौत डूबने से होना सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### 5 वर्ष से ड्यूटी मंदसौर में, वेतन ले रहे कनघट्टी से ! बीएमओ ने कहा शीघ्र होगा समस्या का निराकरण

**पिपलियामण्डी/कनघट्टी (निप्र)।** गांव कनघट्टी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ लैब टेक्नीशियन का पिछले 5 वर्ष से मंदसौर में अटेचमेंट कर रखा है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कोरोना के समय कनघट्टी स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ लैब टेक्नीशियन को मंदसौर जिला चिकित्सालय में अटेचमेंट किया था। उसके बाद आज दिन तक कनघट्टी में पुन: पद स्थापना नही की गई। जबकि लैब टेक्नीशियन का वेतन कनघट्टी स्वास्थ्य केन्द्र से प्राप्त हो रहा है। एडवोकेट अखिलेश कौशिक, भाजपा नेता प्रवीण आर्य, शम्भूलाल गायरी ने सीएमएचओ व भाजपा मण्डल अध्यक्ष राकेश पाटीदार का अवगत कराकर लेब टेक्नीशियन को पुन: कनघट्टी पदस्थ कराने की मांग की। शीघ्र समस्या का निराकरण कराया जाएगा- ब्लाक मेडीकल ऑफिसर डॉ. निशांत शर्मा का कहना है कोरोना के समय स्वास्थ्य विभाग में अटेचमेंट किए गए थे। जिनकी सूची बनाकर सीएमएचओ मंदसौर को भिजवाई है। एक सप्ताह में कनघट्टी के लेब टेक्नीशियन की पुन: पद स्थापना कर समस्या का निराकरण कराया जाएगा।

### लेन-देन के विवाद में पीटा, तीन पर केस दर्ज

**पिपलियामण्डी।** मोबाइल फोन के रुपए लेन-देन को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया। नयागांव (नीमच) निवासी कैलाशचन्द शर्मा ने पिपलिया थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मेरा छोटा बेटा पवन बही पार्श्वनाथ कार्यक्रम में आया था। जहां दलौदा निवासी चेतन पिता गोपाल शर्मा मोबाइल फोन के लेन-देन को लेकर कुए पर ले गया। जहां चेतन के साथ ही सुसनेर निवासी यश पिता प्रकाश शर्मा, चिंतामण गणेश उज्जैन निवासी राहुल पिता संतोष शर्मा ने मिलकर मेरे बेटे पवन के साथ मारपीट की व लट्ठ से मारा, जिससे पीठ, कंधे, पैर, हाथ व सिर पर चोंटे आई। जिसे मंदसौर जिला अस्पताल भर्ती कराया। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ पर जगद्गुरु शंकराचार्य के सानिध्य में

**नीमच।** आद्य शंकराचार्य जयंती के पुनीत अवसर पर ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ मध्य प्रदेश पर शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ के पवन सानिध्य में ब्राह्मण बालकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार 2 मई को भानपुरा में सम्पन्न होगा. उक्त जानकारी देते हुए ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ के रूद्र पाराशर ने बताया कि पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद जी तीर्थ के सानिध्य में दिनांक 28 अप्रेल सोमवार से आयोजित होने वाले शंकराचार्य जयंती महोत्सव के मध्य 2 मई शुक्रवार आद्य शंकराचार्य जयंती के पुनीत अवसर पर ब्राह्मण बालकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया गया है, जिसमे मालवा, हाड़ौती सहित अन्य क्षेत्रों / राज्यों के पात्र ब्राह्मण बालक यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम में भाग लेकर इस आयोजन का लाभ उठा सकते है. इच्छुक ब्राह्मण बालकों एवं उनके अभिभावकों को एक दिन पूर्व 1 मई 2025, गुरुवार को दोपहर 2 बजे तक ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ मुख्यालय, भानपुरा, जिला मंदसौर पर पहुंचकर प्रायश्चित कर्म में आवश्यक रूप से उपस्थित होना अनिवार्य होगा. यज्ञोपवीत संस्कार में ऐसे युवा भी सम्मिलित हो सकते है, जो अविवाहित है. इच्छुक बालक अथवा उनके अभिभावक यज्ञोपवीत करवाने के लिए युवाचार्य स्वामी वरुणेन्द्र जी तीर्थ मोबाइल 9695312240, श्री यशवंत दुबे भानपुरा मोबाइल 9406608385, श्री प्रमोद गौतम रामगंज मंडी मोबाइल 9414230802, श्री रूद्र पाराशर नीमच मोबाइल 9424036500 एवं श्री विवेक दुबे झालावाड़ मोबाइल 9887889555 से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है. भानपुरा आने के समीपवर्ती रेलवे स्टेशन रामगंजमंडी, भवानी मंडी, झालावाड़ रोड (राजस्थान) पर उतरकर बस या टैक्सी से भानपुरा पंहुचा जा सकता है, सड़क मार्ग से दिल्ली - मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस वे पर नीमच - झालावाड़ टोल उतरकर नीमथूर होते हुए भानपुरा पंहुचा जा सकता है.

### जल गंगा संवर्धन अभियान में प्रभात फेरी निकाल कर दिया जल संरक्षण संदेश

**नीमच।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था नीमच सुरेश लोक शिक्षण समिति द्वारा प्रात: 5 बजे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नीमच सिटी भोलेनाथ मंदिर से लेकर चारभुजा नाथ मंदिर तक श्रीराम प्रभात फेरी मंडल नीमच सिटी के साथ जल संरक्षण का संदेश दिया गया।इस दौरान भजनों के साथ पानी बचाने के लिए लोक गीत गाते हुए, जल संरक्षण पैंपलेट का वितरण किया गया।अंत में सत्यनारायण मंदिर में एक जल चौपाल का आयोजन कर सभी को जल गंगा संवर्धन अभियान की जानकारी देते हुए जल संरक्षण में आम जन की सहभागिता हो और जल का अपव्यय न हो इस पर चर्चा कर समापन किया गया।प्रभात फेरी में विशेष रूप से सुरेश जी नागदा ,अजय सेन,विजय वैद्य, बंटी बैरागी, नेपाल जी टेलर,राजू वैद्य ,हेमंत माली,भेरूलाल सेन, पुष्पा बाई ,धापू बाई,हुडी बुआजी जी,संपत बाई का सहयोग मिला।इस दौरान मेंटर्स मीनू त्रिपाठी ,संस्था कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान,क्क्स्ड्ड / स्स्ड्ड स्टूडेंट अक्षिता बैरागी, टीना गर्ग उपस्थित रहे।

### दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन का शपथ विधि समारोह आज

**नीमच।** दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सीनियर सिटीजन का शपथ ग्रहण समारोह आज रविवार 6 अप्रैल को सुबह 11 बजे दिगंबर जैन मांगलिक भवन नीमच पर आयोजित किया जाएगा। अध्यक्ष श्रीमती आभा विनायका, सचिव प्रकाश विनायका ने बताया कि कार्यक्रम में फैडरेशन के अतिरिक्त महासचिव एवं जम्मू जैन (धवल) मुख्य अतिथि, फेडरेशन उपाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि श्रीमती ललिता कासलीवाल , दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष श्रीमती शशि विजय विनायका, शपथ विधि अधिकारी उज्जैन रीजन के अध्यक्ष नवीन जैन होंगे।श्रीमती शशि विजय विनायका अध्यक्ष दिगंबर जैन समाज शपथ विधि अधिकारी उज्जैन रिजनके अध्यक्ष नवीन जैन होंगे।

## शराब की दुकान पर तोड़फोड़ करना महंगा पड़ा, महिला सहित 12 लोगों पर संगीन धाराओं में केस दर्ज

**पिपलिया स्टेशन (निप्र)।** शराब दुकान में तोड़फोड़ करना ग्रामीणों को महंगा पड़ गया। पुलिस ने एक दर्जन आरोपियों के खिलाफ लूट, मारपीट, तोडफोड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया है, जो फरार है। तोड़फोड़ के बाद लोगों द्वारा शराब की बोतलें, नकदी लूटने का भी आरोप है। शराब ठेकेदार ने करीब 15 लाख का नुकसान बताया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम 7.30 बजे वायडीनगर थाना क्षेत्र के गांव जग्गाखेड़ी में शराब दुकान में एक दर्जन से अधिक लोगों ने तोड़-फोड़ कर दी था, शराब की बोतलें फोड़ दी थी। वहीं एक बाइक को भी आग के हवाले कर दिया था। रात्रि में पुलिस बल भी पहुंचा तब तक आरोपी भाग चुके थे।



09 वर्ष से संचालित हो रही थी दुकान- ठेकेदार, रिंडा निवासी महेन्द्रसिंह पिता दिलीपसिंह सिसोदिया ने बताया कि जिस दुकान में तोडफोड़ व लूट हुई है, इस स्थान पर ही शराब दुकान पिछले 9 वर्षों से संचालित हो रही है, उस समय आस-पास मकान नही थे। किसी को कोई आपत्ति नही थी। वर्तमान में भी दुकान के पास कोई स्कूल, मंदिर व धार्मिक स्थान नही है। लेकिन शराब ठेके में वर्चस्व की लड़ाई के चलते कुछ लोगों के इशारे पर योजनाबद्ध तरीके शिकायत करवाई गई बाद में अचानक शराब दुकान में तोड़फोड़, लूट, आगजनी व मारपीट की गई है।

### योजनाबद्ध तरीके से की तोड़फोड़, लूट, आगजनी, 15 लाख का नुकसान

ठेकेदार महेन्द्रसिंह ने बताया कि मंदसौर नगर में शराब बंदी के बाद आस-पास ग्रामीण क्षेत्र में शराब की दुकानों पर शराब की बिक्री बढ़ेगी। एसे में प्रतिस्पर्धा के चलते शराब की दुकानों को बंद कराने के लिए शिकायतें करवाकर योजनाबद्ध तरीके से तोडफोड़ व लूट करवाई जा रही है। तोड़फोड़, लूट व आगजनी से करीब 15 लाख का नुकसान हुआ है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए

**सेल्समेन की रिपोर्ट पर 12 लोगों पर केस दर्ज**-सेल्समेन रविराज सिंह की रिपोर्ट पर वायडीनगर पुलिस ने दुकान में तोड़फोड़, मारपीट व आगजनी करने वाले बोरखेड़ा निवासी अनिल पिता भेरुलाल गुर्जर, सीताराम पिता मांगीलाल व लोकेश, मेनपुरिया निवासी विजेश पिता निलमचंद राठौर, जग्गाखेड़ी निवासी उदयसिंह पिता कालूसिंह, वकील बंजारा, मांगूसिंह पिता कालूसिंह, अरुण राव, जितेन्द्र राव, विध्यालाल, विद्याबाई के अलावा एक अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115 (2) 296, 190, 192, 324 (5) 309 (6) 125, 331 (4) 351 (2) में केस दर्ज किया है। सभी आरोपी फरार है।

## महान प्रजातंत्र-लोकतंत्र का सच्चा स्वरूप संविधान यदि कहीं देखना, जानना हो तो वह है रामराज्य

त्रेतायुग जिसमें मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम अवतीर्ण हुए थे 9 लाख से अधिक वर्ष व्यतीत हो चुके है। राम के जीवन का बचपन से लेकर साकेत गमन तक जीवन के अंतिम क्षणों का मनन करे तो राम को जहां एक ओर शास्त्रों में अवतारी पुरूष माना गया है भारत ही नहीं विदेशों में यहां तक कि इंडोनेशिया जैसे मुस्लिम देशों में भी राम के मंदिर होकर रामनवमी आदि पर्वों पर उत्सव-महोत्सव पूजा अर्चना भारत की ही तरह मनाये जाते है। राम यद्यपि ईश्वर के अवतार थे परन्तु जब उन्होंने एक मानव के रूप में संसार में आये तो उन्होंने अपने को एक साधारण मनुष्य के रूप में ही अपना परिचय कराया।



वर्तमान में जहां लोकतंत्र-प्रजातंत्र की चर्चा तो राजनैतिक गलियारों में खूब बढ़ चढ़कर की जाती है परन्तु वास्तव में सच्चा लोकतंत्र क्या है इसका सच्चा स्वरूप गो स्वामी तुलसीदासजी ने रामचरित मानस के अंतिम सोपान उत्तरकांड के दोहा क्रमांक 42 के बाद 6 चौपाई से दर्शाया गया है। लंका विजय के पश्चात् राम जब अयोध्या के राजा हुए तो सर्वपथम समस्त प्रजा को आमंत्रित कर अपने राज्य के संविधान का प्रथम सूत्र इन तीन चोपाईयों एक बार रघुनाथ बोलाए। गुर द्विज पुरबासी सब आए। बैठे गुर मुनि अरु द्विज सज्जन। बोले बचन भगत भव भंजन।। सुनहु सकल पुरजन मम बानी। कहउँ न कछु ममता उर आनी।। नहिं अनीति नहिं कछु प्रभुताई। सुनहु करहु जो तुम्हहि सोहाई।।

जौं अनीति कछु भाषौं भाई। तौ मोहि बरजहु भय बिसराई। रामायण से दर्शाया है।

राज्य संचालन राज्य की व्यवस्था राजा का प्रजा से संबंध प्रजा के प्रति राजा का कर्तव्य का सच्चा स्वरूप देखना हो तो रामचरित मानस के उत्तर कांड के दोहा क्र. 19 (ग) के बाद चौपाई राम राज बैठे त्रैलोका हरर्षि भये सब सोका से लेकर दोहा क्र. 23 का अध्ययन सभी राजनायिकों को अवश्य करना चाहिए। तभी सच्चे लोकतंत्र का स्वरूप समझ में आयेगा। एक वाक्य में कहा जाये तो राम राज्य तोड़ने का नहीं जोड़ने का काम करता है।

राम राज्य का सबसे बड़ा गुण विनम्रता राम ने अपनी प्रिया सीता का अपहरण करने के बाद भी उस पर क्रोध करने के बदले पहले उसे प्रेम से समझाने का भरसक प्रयास किया। लंका में रहने से सीता की अग्नि परीक्षा होने के बावजूद अयोध्या आने पर एक रजक के आरोप लगाने पर धोबी पर क्रोध कर दण्ड देने के बदले सीता का त्याग कर दिया। यदि विनम्रता वर्तमान सियासत करने वालों में आ जाये तो लोकतंत्र का पवित्र मंदिर दंगल अखाड़ा बनने से बच जायेगा।

रामचरित मानस के तीन शब्दों के बीच का शब्द है चरित। चरित अर्थात चरित्र- हमारा दूसरे के लिये अनुकरणीय हमारा चित्र नहीं हमारा चरित्र होगा। परन्तु हो रहा है इसका उल्टा चरित्र हमारा चाहे जो कुछ हो परन्तु मोबाइल के कैमरे में हमारा चित्र दिन में 10 बार दिखना चाहिए।

यदि जीवन में मर्यादा चरित्र अनुशासन तीन में से एक भी उतर जाये तो रामनवमी-रामराज्य की कल्पना-महोत्सव मनाना सार्थक हो जायेगा।

रामनवमी को सबको पतंजलि परिवार की ओर से बहुत बहुत हार्दिक मंगल शुभकामनाएं।



## आत्म कल्याण की सर्वोत्कृष्ट साधना नवपद ओलीजी

**पिपलिया स्टेशन (निप्र)।** पर्युषण पर्व से भी ज्यादा महत्व नवपद ओली का है। क्योंकि इसे शास्वत पर्व कहा गया है। नो दिनी आराधना आयंबिल तप के साथ की जाती है। उक्त बात साध्वी चारु दर्शना मसा ने ओली आराधकों को संबोधित करते हुए बही पार्श्वनाथ तीर्थ पर कही। मसा ने कहा अनंत उपकारी भगवान महावीर की देशना अनुसार नवपद ओली आराधना आत्मकल्याण का सर्वोत्कृष्ट साधन है। जिन शासन के नो रत्नों की यह आराधना है। अरिहंत पद, सिद्ध पद, आचार्य, उपाध्याय, साधु, सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चरित्र, तप की नो दिवसीय आराधना होती है। एक-एक रत्न के जितने गुण है, उतनी क्रियाएं होती है। जो गुणधर्म का रंग है। उस रंग के खाद्य पदार्थ से आयंबिल क्रिया होती है। संघ अध्यक्ष अशोक कुमठ ने बताया प्रात: 8 बजे मंदिर में स्नात्र पूजा का विधान हुआ। दूध अभिषेक, चंदन, पुष्प, धूप दीप, अक्षत, नैवेध, फल पूजा के बाद मंगल आरती हुई।

## जिस परिवार में शांत स्वभाव के लोग रहते हैं वहां लक्ष्मी का निवास होता है

### नवपद ओली तपस्या कीअमृत प्रवचन श्रृंखला में साध्वी अमिदर्शा श्री जी मसा ने कहा

**नीमच।** जिस घर में परिवारजन आपस में प्रेम सद्भाव से रहते हो, जहां कभी विवाद नहीं होता हो, उस घर में सुख समृद्धि, शांति और लक्ष्मी भी वहां निवास करती है।यह बात साध्वी अमीदर्शा श्री जी मसा ने कही।वे श्री जैन श्वेतांबर भीडभंजन पार्श्वनाथ मंदिर ट्रस्ट नीमच के तत्वावधान में आयोजित अमृत प्रवचन श्रृंखला में बोल रही थी। उन्होंने कहा कि यदि घर में पलंग पर लाल कपड़ा या चादर बिछाते हैं तो उसे घर में झगड़ा होता है इसलिए लाल कपड़े का उपयोग नहीं करना चाहिए और सफेद चादर का ही उपयोग करना चाहिए। नवकार मंत्र के निरंतर जाप से हीमोग्लोबिन की कमी भी दूर होती है और शरीर स्वस्थ रहता है। यदि हम निरंतर नियमित अपने सांसारिक कार्यक्रमों के दौरान पाप कर्म से बचाव करते हैं सावधानी रखने हैं तो हमारे अंतरात्मा निर्मल और जागृत होती है और हमारा पुण्य कर्म बढ़ता है और पुण्य निगम बनने से ही आत्मा का कल्याण होता है। हम चाहे करोड़ों रुपए के बंगले बना ले लेकिन हमारी शाश्वत मृत्यु का समय तय होता है। वह कब आएगी यह किसी को पता नहीं होता है इसलिए सदैव निरंतर पुण्य कर्म करते रहना चाहिए ताकि कभी मृत्यु आ भी जाए तो वह पुण्य कर्म हमारी मृत्यु को सद्गति प्रदान करने में सहायक हो सकते है।



-धर्म सभा में लब्धि पूर्णा श्री जी महाराज साहब ने कहा कि सिद्ध चक्र की आराधना की साधना का केंद्र होता है। कुंभल राणा को अनुभव हुआ था कि उन्हें योग्यता से अधिक मिल रहा है इसलिए उन्हें अच्छी शांति नहीं मिलेगी लेकिन आधुनिक युग में व्यक्ति योग्यता से अधिक प्राप्त करने की इच्छा के कारण पाप कर्म की ओर अग्रसर हो जाता है इसलिए हमें हर वस्तु पर संयम रखना चाहिए। मैयना सुंदरी ने कहा कि उन्होंने पंच की साक्षी व पिता की उपस्थिति में एक बार जिसको पति स्वीकार कर लिया अब उसमें जीवन पर्यंत परिवर्तन नहीं हो सकता है क्योंकि सती स्त्री कभी दूसरे पुरुष की इच्छा नहीं।नवपद ओली जी तपस्या पर अभिषेक वअमृत प्रवचन आज

श्री जैन श्वेताम्बर भीडभंजन पार्श्वनाथ मंदिर ट्रस्ट नीमच के तत्वावधान में साध्वी अमीदर्शा श्री जी महाराज साहब के पावन सानिध्य में पुस्तक बाजार स्थित श्री भीडभंजन पार्श्वनाथ मंदिर परिसर में अभिषेक आज रविवार सुबह 6-30 बजे तथा प्रतिदिन नवपद ओली जी तपस्या की आराधना के विषय परअमृत धर्म सभा प्रवचन श्रृंखला आयोजित हो रही है सभी समय पर उपस्थित होकर धर्म तत्व ज्ञान गंगा का पुण्य लाभ ग्रहण करें।

## पालक संघ के नि :शुल्क बुक्स एक्सचेंज मेला आज

**नीमच।** पर्यावरण को सुरक्षित रखने के साथ-साथ अभिभावकों को आर्थिक बोझ से राहत प्रदान करने के उद्देश्य सेरविवार 6 अप्रैल 2025 को शहर के मध्य शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 नीमच कैंट परिसर में (सिविल अस्पताल के पास) पालक संघ जिला इकाई नीमच के तत्वाधान में कक्षा 1 से 12वीं तक एनसीईआरटी की क़िताबें नि:शुल्क बुक एक्सचेंज मेले में छात्र-छात्राओं अथवा उनके अभिभावकों को आदान प्रदान करने की व्यवस्था रहेगी । आयोजित मेले में प्रात 8 से 10-00 बजे तक दानदाताओं द्वारा पिछले वर्ष की कक्षावार पुस्तकें जमा होगी और 11 से दोपहर 12-00 तक प्राप्त बुक्स जमा टोकन के आधार पर बुक्स उपलब्ध होने पर प्रदाय की जावेगी । इसी प्रकार शाम 4 से 6 बजे तक बुक्स प्राप्त की जाएगी शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक टोकन के आधार पर वितरण की जावेगी ।पालक संघ जिला इकाई नीमच के जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा एवं महिला विंग इकाई जिला अध्यक्ष प्रियंका कविश्वर जिला सचिव श्रवण शर्मा राज महिला विंग जिला सचिव ऊषा मित्तल, मीडिया प्रभारी कपील शुक्ला, महिला विंग जिला मिडिया प्रभारी आशा सांभर , नेहा गोयल, श्वेता शर्मा,उमा जैन आदि पदाधिकारियों ने बताया कि नि:शुल्क बुक एक्सचेंज मेले में दानदाता द्वारा दी गई बुक्स आदान-प्रदान के साथ ही शहर के दानदाता आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क वितरण हेतु यूनिफॉर्म पुस्तकें स्टेशनरी ,कॉपियां, आदि स्कूल सामग्री जमा भी कराकर मेले में पुनीत सेवा का लाभ भी ले सकेंगे । दानदाता द्वारा जमा की गई यूनिफॉर्म स्टेशनरी कापी किताबें आदि अन्नपूर्णा सेवा न्यास की सहभागिता से आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को किया जावेगा। बुक्स एक्सचेंज मेले में अभिभावकों अथवा छात्र-छात्राओं द्वारा दान में दी गई पुस्तकें वापस नहीं की जावेगी ।

## एक नजर

### इसका उद्देश्य बाल यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता फैलाना है

## ज्ञानोदय इंटरनेशनल में गुड-टच बैड-टच पर विशेष गतिविधि

**नीमच।** बच्चों को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम के रुप में शहर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था ज्ञानोदय इंटरनेशनल में पूर्व प्राथमिक व प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए गुड-टच बैड-टच जैसे एक उपयोगी सत्र आयोजित किया गया।। इसका एक मात्र उद्देश्य बाल यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता फैलाना और बच्चों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श के बारे में शिक्षित करना है। बच्चों ने बुरे स्पर्श वाले क्षेत्रों की पहचान करना सीखा। अपने माता पिता,



शिक्षकों, व्यस्कों को जो वे भरोसा करते है ,यह सब बताए ।शिक्षको ने यह भी समझाया कि जब कोई स्पर्श हो तो क्या करे। ऑडियो और वीडियो के माध्यम से बच्चियों को जागरूक किया गया। सीबीएसई के दिशा निर्देशों के अनुरूप विद्यालय में उक्त गतिविधि आयोजित की गई। इस गतिविधि में नन्हे-मुन्नों को शारीरिक संवेदनशीलता संबंध रोचक तरीके से जागरूक किया गया। जिससे बच्चे अच्छे भरे के महत्व को समझें तथा खुद की सुरक्षा के प्रति जागरूक हो सके तथा समाज में स्वयं को सुरक्षित रख सके। प्राचार्य प्रदीप कुमार पांडे ने बताया कि सेमिनार का मुख्य उद्देश्य छोटे बच्चों के साथ बढ़ते यौन शोषण के प्रति उन्हें सावधान करना था। बच्चे ऐसे अपराधों के खिलाफ आवाज उठा सके और भविष्य में सावधानी बरत सके। सेमिनार से बच्चों को समझाया कि क्या चीज हमारे लिए अच्छी है और क्या चीज बुरी है। विद्यालय की निदेशिका डॉ. गरिमा चौरसिया ने गुड और बैड टच के अंतर को बच्चों को पूरी तरह से समझाया, ताकि आने वाले समय में वे सावधान रह सके और बच्चे अनजान व्यक्ति के संपर्क में न आ पाए,

## भारतीय जनसंघ व भाजपा के प्रेरणा पुरुष स्व .पं .दीनदयाल उपाध्याय के नामकरण पर पार्टी में कोई दो राय नहीं

**नीमच।** भारतीय जनसंघ एवं वर्तमान भाजपा के प्रेरणा पुरुष, एकात्म मानववाद के जनक स्व.पं.दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर मनासा शास.चिकित्सालय के नवीन भवन के नाम को लेकर पार्टी में कोई दो राय नहीं है। स्व.पं.दीनदयालजी के नाम पर ही इस भवन का लोकार्पण होगा, इस संदर्भ में समुचित विभागीय कार्यवाही भी हो चुकी है। भाजपा कार्यालय तपोभूमि से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि इस आशय के समाचारों का कोई अर्थ नहीं है इस चिकित्सा भवन का नामकरण मनासा भाजपा के वरिष्ठ नेता, क्षेत्र के विधायक श्री माधव अनिरूद्ध मारू के स्व.पिता श्री रामेश्वर मारू जी के नाम पर होगा। पं.दीनदयालजी उपाध्याय भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता के आदर्श तो हैं ही, सादगी, त्याग व समर्पण के प्रतीक हैं। उनका जीवन दर्शन और विचारधारा करोडों पार्टी कार्यकर्ता का मार्ग प्रशस्त करती है। विज्ञप्ति में बताया गया कि इस सम्बंध में नीमच विधायक श्री दिलीपसिंह परिहार के जिला कलेक्टर को लिखे पत्र से भी स्पष्ट होता है कि नवीन चिकित्सा भवन का नामकरण दीनदयालजी के नाम पर ही होगा और मनासा अंचल के कद्दावर वरिष्ठ नेता स्व.श्री रामेश्वरजी मारू के नाम पर नवनिर्मित आयुष चिकित्सा भवन अथवा अन्य किसी महत्वपूर्ण भवन हो, ऐसी अपेक्षा है। स्व.रामेश्वरजी पार्टी एवं राष्ट्रवाद के प्रबल समर्थक थे।